/ 1

शासनादेश संख्याः /XXVII(6)/तीन/U. 30/2016

प्रेषक,

**डा0 एम.सी. जोशी,**
सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**
लेखा परीक्षा,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

**वित्त अनुभाग--6,** **देहरादूनः दिनांकः 04 अप्रैल, 2016**

**विषयः लेखा परीक्षा विभाग का ढ़ांचा पुनर्गठन।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषय के सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम, 2012 की धारा 3(1) के अन्तर्गत शासनादेश संख्याः 463/XXVII(11)/2012 दिनांकः 27.11.2012 को अतिक्रमित करते हुए श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा विभाग के ढ़ांचे का निम्नानुसार पुनर्गठन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:--

1.

| क. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | ग्रेड वेतन | ग्रेड--पे | पदों का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक | 01 | अपने संवर्ग अनुसार | अपने संवर्ग अनुसार | -- | भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग से। |
| 2 | अपर निदेशक | 02 | 37400--67000 | 8900 | **अपर निदेशक(आन्तरिक लेखा परीक्षा)** | |
| | | | | | **अपर निदेशक (पंचायत एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सामान्य प्रशासन)** | |
| 3 | संयुक्त निदेशक | 04 | 15600--39100 | 7600 | संयुक्त निदेशक (आंतरिक लेखा परीक्षा श्रेणी 'बी' एवं 'सी' के विभाग) | |
| | | | | | संयुक्त निदेशक (आंतरिक लेखा परीक्षा श्रेणी 'ए' के विभाग) | |
| | | | | | संयुक्त निदेशक (पंचायत एवं स्थानीय निधि) | |
| | | | | | संयुक्त निदेशक (प्रशासन) | |
| 4 | उप निदेशक | 08 | 15600--39100 | 6600 | उप निदेशक **(श्रेणी ए विभाग)** | |
| | | | | | उप निदेशक **(श्रेणी बी विभाग )** | |
| | | | | | उप निदेशक **(श्रेणी सी विभाग)** | |
| | | | | | उप निदेशक **(ग्रामीण निकाय एवं पंचायतें)** | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उप निदेशक **(शहरी निकाय एवं स्थानीय निधि)**<br>उप निदेशक **(प्रशासन एंव अधिष्ठान )**<br>उप निदेशक (निगमों, विश्वविद्यालयों, **निष्पादन प्रणाली लेखा परीक्षा एवं विषेष लेखा परीक्षा)** | – |
| 5 | लेखा परीक्षा अधिकारी | 50 | 15600–39100 | 5400 | 26 लेखा परीक्षा अधिकारी जिला स्तर से शहरी एवं ग्रामीण निकायों एवं श्रेणी सी विभागों की लेखा परीक्षा सम्बन्धित जिले से सम्पादित करेगें।<br>24 लेखा परीक्षा अधिकारी निदेशालय स्तर से श्रेणी ए एवं बी विभागों की लेखा परीक्षा सम्पादित करेगें। | लेखा परीक्षा दलों का विस्तृत विवरण **संलग्नक**– 1, 2 पर है। |
| 6 | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी | 110 | 9300–34800 | 4800 | 52 लेखा परीक्षा अधिकारी जिला स्तर से शहरी एवं ग्रामीण निकायों एवं श्रेणी सी विभागों की लेखा परीक्षा सम्बन्धित जिले से सम्पादित करेगें।<br>48 सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी निदेशालय स्तर से श्रेणी ए एवं बी विभागों की लेखा परीक्षा सम्पादित करेगें।<br>10 सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी निदेशालय स्तर पर तकनीकी प्रकोष्ठ में कार्य करेगें। | लेखा परीक्षा दलों का विस्तृत विवरण **संलग्नक**– 1, 2, पर है। |
| | **कुल पद** | **175** | | | | |

**2.** उक्तानुसार वर्णित पदों की सेवा शर्तों का विवरण इस हेतु सम्बन्धित उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा सेवा नियमावली, 2016 में दिया गया है।

**3.** पूर्ववर्ती उ0प्र0 राज्य के समय से स्थापित सहकारी समितियां एवं पंचायतें लेखा परीक्षा संवर्ग तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा संवर्ग को लेखा परीक्षा संवर्ग में एकीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिस हेतु व्यवस्था का विस्तृत विवरण भी उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा सेवा नियमावली, 2016 में दिया गया है।

**4.** लेखा परीक्षा सम्पादन, लेखा परीक्षा हेतु पर्यवेक्षण, लेखा परीक्षा रिपार्टों को अन्तिम रूप दिये जाने हेतु एवं निर्गमन, लेखा परीक्षा आपत्तियों का निस्तारण के सम्बन्ध में उपरोक्त पदों का कर्तव्य एंव दायित्वों का विवरण पृथक से निर्गत किया जायेगा।

**5.** सामान्यत: प्रत्येक लेखा परीक्षा दल में दल प्रभारी के रूप 01 लेखा परीक्षा अधिकारी व 02 सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी दल सदस्य होगें।

6. श्रेणी 'ए' एवं श्रेणी 'बी' के विभाग की लेखा परीक्षा सम्पादित करने हेतु उपरोक्त लेखा परीक्षा अधिकारियों व सहायक लेखा परीक्षा अधिकारियों में से 24 लेखा परीक्षा दल निदेशालय स्तर पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिलों में विकेन्द्रीकृत रूप से 26 लेखा परीक्षा दल जिलाधिकारी के निर्देशन में श्रेणी 'सी' विभाग एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा एवं समय–समय पर दिये गये कार्य करेगे। प्रत्येक जिले में लेखा परीक्षा कार्यालयों की स्थापना की जायेगी, जिनके द्वारा जनपद स्तर पर श्रेणी 'सी' के विभाग, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत/ब्लाक पंचायत एवं लेखा परीक्षा निदेशालय लेखा परीक्षा द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार लेखा परीक्षा सम्पादित की जायेगी। जनपद में नियुक्त वरिष्ठतम लेखा परीक्षा अधिकारी जिला कार्यालय का आहरण वितरण अधिकारी एंव कार्यालध्यक्ष होंगें, एवं जिला स्तर के सम्बंधित सभी कार्मिक जिले के जिलाधिकारी के नियत्रण में रहेंगे। इस सम्बंध में पदों का विभाग वार एंव जिलावार विस्तृत विवरण संलग्नक– 01 एवं 02 पर है।

भवदीय,

/

(डा0 एम.सी. जोशी)
सचिव, वित्त।

संख्या: 24 /XXVII(6)/2016/तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव/सचिव, राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड।
2. प्रमुख सचिव/सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड।
3. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. मुख्य स्थानीय आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
5. महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड शासन।
7. कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/भुगतान एवं लेखा कार्यालय (साईबर ट्रेजरी) देहरादून/भुगतान एवं लेखा कार्यालय, नई दिल्ली।
10. विभागीय आदेश पुस्तिका।

(डा0 एम.सी. जोशी)
सचिव, वित्त।

# संलग्नक–1

## श्रेणी 'ए' एवं 'बी' की दलवार विस्तृत विवरण

| क. स. | विभाग का नाम | श्रेणी | पार्टियों की संख्या | लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोक निर्माण विभाग | श्रेणी 'ए' | 02 | 02 | 04 |
| 2 | सिंचाई / लघु सिंचाई | श्रेणी 'ए' | 02 | 02 | 04 |
| 3 | समाज कल्याण | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 4 | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 5 | वन | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 6 | ग्राम्य विकास | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 7 | पशुपालन | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 8 | चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | श्रेणी 'ए' | 02 | 02 | 04 |
| 9 | मंडी परिषद / समितियां / विश्वविद्यालय / विकास प्राधिकरण | श्रेणी 'ए' | 02 | 02 | 04 |
| 10 | स्टाम्प एवं वाणिज्य कर | श्रेणी 'ए' | 02 | 02 | 04 |
| 11 | पंतनगर विश्वविद्यालय | श्रेणी 'ए' | 01 | 01 | 02 |
| 12 | कृषि / रेशम / उद्यान / जलागम | श्रेणी 'बी' | 01 | 01 | 02 |
| 13 | चिकित्सा शिक्षा / इंजिनियर कालेज / तकनीकी शिक्षा / प्रशिक्षण एवं सेवायोजन | श्रेणी 'बी' | 02 | 02 | 04 |
| 14 | ICDS / युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल / खेल / पुलिस / पर्यटन / परिवहन / उद्योग | श्रेणी 'बी' | 02 | 02 | 04 |
| 15 | पचायती राज / डेयरी / आबकारी / ग्रामीण अभियंत्रण सेवायें | श्रेणी 'बी | 01 | 01 | 02 |
| 16 | विशेष लेखा परीक्षा | | 02 | 02 | 04 |
| | | | **24** | **24** | **48** |

## संलग्नक–2

| क्र. सं. | जिले का नाम | शहरी निकायों एवं श्रेणी सी विभागों हेतु पार्टियों की संख्या | लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या | ग्रामीण निकायों की लेखा परीक्षा हेतु पार्टियां | लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देहरादून | 01 | 01 | 02 | 02 | 02 | 04 |
| 2 | हरिद्वार | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 3 | टिहरी | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 4 | उत्तरकाशी | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 5 | पौडी | 01 | 01 | 02 | 02 | 02 | 04 |
| 6 | चमोली | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 7 | रूद्रप्रयाग | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 |
| 8 | नैनीताल | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 9 | अल्मोड़ा | 01 | 01 | 02 | 02 | 02 | 04 |
| 10 | उधमसिंहनगर | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 11 | बागेश्वर | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 |
| 12 | चम्पावत | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 |
| 13 | पिथौरागढ़ | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 14 | निदेशालय स्तर पर लेखा परीक्षा कार्य के तकीनीकी प्रकोष्ठ हेतु | | | | | | 10 |
| | | 13 | 13 | 26 | 13 | 13 | 36 |

नोटः– रूद्रप्रयाग, चम्पावत, बागेश्वर में एक ही लेखा परीक्षा दल द्वारा शहरी, ग्रामीण निकायों व श्रेणी 'सी' विभागों की लेखा परीक्षा सम्पादित की जायेगी।